संस्कृतकाव्यकौमुदी



प्रणेता

पं. मोहनलालशर्मा 'पाण्डेयः'

राष्ट्रपतिसम्मानितः, वाचस्पतिपुरस्कारसभाजितः

संस्कृतकाव्यकौमुदी

प्रणेता

पं. मोहनलालशर्मा 'पाण्डेयः'

राष्ट्रपतिसम्मानितः, वाचस्पतिपुरस्कारसभाजितः

संस्कृतकाव्यकौमुदी

प्रणेता

पं. मोहनलालशर्मा 'पाण्डेयः'

राष्ट्रपतिसम्मानितः, वाचस्पतिपुरस्कारसभाजितः

सम्पादकः

डॉ. ताराशंकरशर्मा 'पाण्डेयः'

प्रोफेसर एवं अध्यक्षः साहित्यविभागः

ज.रा.राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालयः, जयपुरम्

राष्ट्रीय संस्कृत साहित्य केन्द्र, जयपुर

ISBN : 978-81-88741-36-6

© : लेखकाधीन

प्रकाशक : **राष्ट्रिय संस्कृत साहित्य केन्द्र**
222, 'सरस्वती सदन'
बिहारी जी की गली, सोंखियों का रास्ता,
किशनपोल बाजार, जयपुर-1

संस्करण : 2010 (प्रथम)

मूल्य : 250/-

टाईप सैटिंग : आइडियल कम्प्यूटर सेन्टर,
3580, जौहरी बाजार, जयपुर

मुद्रक : शीतल प्रिन्टर्स, जयपुर

युगल किशोर मिश्र
कुलपति
Yugal Kishor Mishra
Vice-Chancellor

जगद्गुरुरामानन्दाचार्य
राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
मदाऊ, भांकरोटा, जयपुर - 302 026
JAGADGURU RAMANANDACHARYA
RAJASTHAN SANSKRIT UNIVERSITY
Madau, Bhankrota, Jaipur - 302 026
Phone : 0141 - 5132001 (O)
0141 - 5132002 (R)
Website : jrrsanskrituniversity.ac.in

शिवसङ्कल्पः

विदन्त्येव विद्वांसो यद् गीर्वाणवाण्यामृग्वेदादारभ्याद्य यावत् स्तुतिभणितीनां वैपुल्यं विराजते। संस्कृतवाङ्मये न खलु देवादीनामपितु भूमि-नद-नदी-गिरि-वन-राष्ट्रप्रभृतिनैसर्गिकस्वरूपभावानां, लोकनायकानां, विभूतिमत्सत्त्वानाञ्च रसभरिताः स्तुतयः समुपलभ्यन्ते। काव्यात्मकस्तुतिसाहित्यस्य चरमं प्रयोजनं स्थावरजङ्गमात्मके सृष्टिप्रपञ्चे भगवद्विभूतिदर्शनं तन्महिमवर्णनमुखेन च भगवदुपासनमेव। अनयोपासनया चित्तं निर्मलं सञ्जायते, निर्मले च चित्ते भगवद्रूपं प्रतिबिम्बत्वमाप्नोति।

अतश्च भगवद्भावुकानां देववाण्यां पद्यनिर्माणे आशुकविरूपेण प्रख्यातानां पण्डितवरेण्यश्रीमोहनलालपाण्डेयानां काचन विशिष्टा कृतिः **'संस्कृतकाव्यकौमुदी'**ति नामधेया प्रकाशपथमानीयत इति महत्प्रमोदास्पदं भगवद्विभूतिसमुपासकानां सहृदयानां काव्यरसिकानाम्। अत्र दर्शनपारद्रष्टृत्वं, काव्यसौष्ठवं, शास्त्रैश्वर्यञ्च पदे-पदे स्फुटितमस्ति। विद्या-ज्ञानानुभूति-श्रवण-मनन-चिन्तन-निदिध्यासन-साधनासम्पन्ना आचार्यश्रीपाण्डेयवर्या अस्मिन् चरमे वयस्यप्येतादृशानां काव्यानां विरचनं कुर्वन्तोऽस्माकं गौरवं वर्द्धयन्तीति हर्षप्रकर्षविषयः। आचार्यवर्येभ्यः सश्रद्धं स्वीयं सद्भावकुसुमाञ्जलिं समर्प्य संस्कृतकाव्यकौमुदीयं परमात्मनः प्रीतये स्यादिति वाग्देवीमभ्यर्थये।

जयपुरम्

युगलकिशोरमिश्रः
(युगलकिशोरमिश्रः)
कुलपतिः
ज.रा.राजस्थानसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य

डॉ. प्रभुनाथ द्विवेदी
आचार्य

संस्कृत विभाग
महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,
वाराणसी-221002

शुभाशंसनम्

सरसं काव्यमास्वाद्य मोहनलालशर्मणः।
भृङ्ग इवाब्जलग्नोऽपि तृप्तिं नो लभते मनः॥

अनिर्वचनीयां काम्यभिख्यां बिभर्ति सेयं **'संस्कृतकाव्यकौमुदी'** वस्तुतो राष्ट्रपतिपुरस्कृतस्याऽऽचार्यप्रवरस्य श्रीमोहनलालशर्म-पाण्डेयमहाभागस्य **'कविकीर्तिकौमुदी'**। संस्कृतसाहित्यसुधासिन्धौ ये विराजन्ते नित्यमम्लानविकचपद्मनिकराः कविवरास्तेषु सश्रीकोऽयं नितरां शोभते कवितल्लजोऽग्रजो महाकवीनां विकिरति च दिशिं-दिशि नन्दनवने पारिजात इव यशोऽनुबन्धिकाव्यसुगन्धिं पण्डितमोहनलालशर्मपाण्डेयः।

नेत्रोत्सवं वितन्वतीयं 'संस्कृतकाव्यकौमुदी' मया सादरं सुनिपुणं सहृदयधियाऽवलोकिता। यथावसरं विभिन्नकालेषु पाण्डेयवर्येण विरचितानां संस्कृतकवितानामिदं सङ्कलनम्। अत्र सङ्कलितानि पद्यानि नैकवर्णविच्छित्तिमयानि विभिन्नशीर्षकान्तर्गतानि विद्योतन्ते। 'प्रणतयः', 'प्रशस्तिका', 'समस्यासौहित्यम्', 'राष्ट्रियम्', 'वैदुषीवैभवम्', 'लोकनायकाः' इत्येते सन्ति सङ्कलनवर्गाः। एतेषु प्रायशः त्रिषष्टिमिताः कविताः सुललितछन्दोविधानतो विरचय्य संस्कृतकाव्योद्यानवीथिषु नवपल्लविताः सुमनोभरविलासिता मधुमधुरगन्धभरिता लता इव महता स्नेहेन कविहृदयेन संयोजिताः।

विषयानुरूपा भाषाऽनवद्या रसानुरोधि च छन्दो निर्दोषमित्येतद्वैशिष्ट्यं काव्यस्य कवेर्बिभर्ति सर्वत्र। अत्र मनोहरं काव्यं न

केवलं पुष्णाति वैदुष्यं कविवर्यस्याऽपित्वाविष्करोति च सहृदयत्वं तस्य। साहित्यसौहित्य-सौन्दर्यमण्डितासु कवितासु न केवलं कवेः कल्पनाः समुच्छलन्ति, अपितु राष्ट्रं प्रति, समाजं प्रति, पूज्यचरितानि प्रति हार्दिकः सद्भावः यथार्थं समुदेति। रससिद्धः प्रसिद्धोऽयं कविः सूत्रधार इव यथा रमते तथैव कवितापुत्तलिका रुचिरं नृत्यति। किमधिकं, 'संस्कृतकाव्यकौमुदी'यं सहृदयानां सुहृदये पदं निदधातु, काव्यरचनाप्रवृत्तानां नवकवीनां कृते आदर्शतां विदधातु संस्कृतकवितानुरागिणां कृते श्रोतृपेयतां सन्दधातु, अपि च कृतकाव्यकलाकौतुकाय कविप्रजापतये श्रीमोहनलालशर्मपाण्डेयमहाभागाय यशोभरमुपायनमक्षुण्णमजस्रं प्रददात्विति शम्॥

प्रो. प्रभुनाथद्विवेदी
वाराणसेयः।

पुरोवाक्

भारत की अमूल्य सांस्कृतिक निधि, विश्व की भाषाओं में प्राचीनतम एवं समृद्धतम भाषा संस्कृत के साहित्य का इतिहास सर्वाधिक सुदीर्घ है। यह विश्वजनीन मान्यता निर्विवाद रूप से स्थापित हो गई है कि मानव के पुस्तकालय की सर्वप्रथम पुस्तक है 'ऋग्वेद' जो पद्यबद्ध है। छान्दस भाषा संस्कृत का उद्गम स्रोत है। वेद उसी में लिखी कविता है अतः विश्व की प्राचीनतम कविता इस देश में गूँजी यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा। तब से आज तक संस्कृत में कविता लिखी जा रही है। वेद के ऋषि से लेकर आदिकवि वाल्मीकि से होते हुए आज तक चला आ रहा काव्य-रचना का इतिहास संस्कृत को सही अर्थों में अमरगिरा सिद्ध करता है। काव्य-सर्जन में प्रत्येक युग में परिलक्षित होने वाला नवोन्मेष जो कवि-प्रतिभा की कसौटी है, संस्कृत की कविता को युग-युग में नवीकृत करता रहता है, वह संस्कृत भाषा को **'निर्जरगिरा'** भी बनाता है। यह इस नवोन्मेष शालिनी काव्य-रचना की निरन्तरता के कारण भी चिरयुवती बनी रहती है उसे सचमुच **'पुराणी युवतिः'** कहा जा सकता है। इसी विशेषण से वेद के ऋषि ने उषा को संबोधित किया था-**'पुराणी देवी युवतिः पुरन्धिः।'** संस्कृत कविता भी जरारहित है, अमर है।

संस्कृत काव्य रचना के इतिहास ने अनेक युग देखे हैं, अनेक मोड़ लिए है। इसमें युगानुरूप परिवर्तन भी हुए हैं, युगानुरूप कथा और

शिल्प की नवीनता भी इसमें दृष्टिगोचर हुई है किन्तु अनेक ऐसे घटक हैं जो सहस्राब्दियों से इसमें यथावत् बने हुए हैं। कथ्य की दृष्टि से देखें तो यह स्पष्ट होगा कि वेदकालीन ऋषि जिस प्रकार इन्द्र, वरुण या अर्यमा की प्रशस्ति में स्तोत्र लिखता था उसी प्रकार की स्तोत्र रचना मध्यकाल से होते हुए आज तक चली आ रही है चाहे उन स्तोत्रों के वर्ण्य कभी मध्यकालीन राजवंश हो जाते हों, या जननायक हो जाते हों। ऋतुवर्णन अथवा अलंकृत शैली में युद्धवर्णन प्रत्येक युग में संस्कृत कवि द्वारा लिखे जाते रहे हैं। शिल्प की दृष्टि से देखें तो अनुष्टुप् जैसे छन्द जो सहस्राब्दियों पूर्व वेद में प्रयुक्त हुए, आज भी काव्य रचना के वाहक बने हुए हैं। छन्दःशास्त्र ने अनेक नई करवटें लीं, जयदेव जैसे कवियों ने गीत रचना भी की, आज के युग के कवि सरस गजलें भी लिख रहे हैं किन्तु प्राचीन छन्दों का वैभव भी यथावत् बना हुआ है। क्लासिकल या श्रेण्य प्राचीन भाषाओं में ही यह विशेषता पाई जाती है कि उनमें कालान्वय या युगपरिवर्तन के फलस्वरूप अनेक परिवर्तन अवश्य आते हैं किन्तु प्राचीन परम्पराएँ लुप्त नहीं होती, वे भी समानान्तर रूप से बनी रहती हैं।

अंग्रेजी जैसी आधुनिक भाषाओं में ग्रीक या लैटिन की तरह मध्यकाल में महाकाव्य अर्थात् एपिक लिखने की गरिमामय परम्परा सुविदित है। मिल्टन जैसे महाकवियों को कौन नहीं जानता जो होमर और दांते जैसे महाकवियों की परम्परा की अविभाज्य कड़ी हैं किन्तु जब युगपरिवर्तन हुआ और नई काव्य विधाओं का उद्भव हो गया तो महाकाव्य लिखने की परिपाटी भी समाप्त हो गई। आज अंग्रेजी जैसी आधुनिक भाषाओं में कोई एपिक लिखे तो उसे संग्रहालय या म्यूजियम में परिरक्षणीय अजूबा ही माना जाएगा। इसके विपरीत संस्कृत जैसी भाषाओं में (संस्कृत परिवार की हिन्दी, मैथिली आदि अन्य भाषाओं में भी) महाकाव्य लिखने वाले कविवर नगर-नगर में मिलेंगे। यह है संस्कृत के कालजयी साहित्य की परम्परा के सातत्य का एक विशिष्ट आयाम।

यह भी सौभाग्य की बात है कि यह सातत्य मध्यकालीन युगों की विपरीत स्थितियों में भी बना रहा, उन अंचलों में भी बना रहा जिनमें संस्कृत भाषा को विशेष प्रश्रय नहीं था। इस देश की जो श्रद्धा, संस्कृति और संस्कृत के प्रति रही है उसके कारण संस्कृत सर्जन का यह सातत्य आज तक बना हुआ है। राजस्थान जैसे राज्यों में तो जहाँ के राजवंशों ने संस्कृत विद्वानों, कवियों, पुरोहितों, ज्योतिषियों, राजगुरुओं आदि को विशेष सम्मान देकर सांस्कृतिक परम्परा को अक्षुण्ण रखने का व्रत-सा ले रखा था, संस्कृत का अध्ययन और उसमें शास्त्र लेखन और काव्य रचना की अनवरत धारा बनी रहनी ही थी। यही कारण है कि राजस्थान की उन सभी रियासतों में संस्कृत के विद्वान्, कवि, लेखक, अध्यापक आदि पिछली सदियों में भी होते रहे, शिष्यों को विद्या-दान करते रहे। इसके फलस्वरूप ही इस प्रकार की जनश्रुतियाँ आज तक अक्षुण्ण हैं, कि जयपुर जैसी नगरी को अपरा काशी कहा जाता था, बूंदी जैसी नगरी को छोटी काशी आदि।

जयपुर में तो इसके स्थापना काल से ही संस्कृत काव्य रचना का अविरल इतिहास उपलब्ध है। सवाई जयसिंह (1727-1736 ई.) ने जब जयपुर बसाया तो भारत के विभिन्न अंचलों से विद्वानों को यहाँ बुलाकर बसाया गया चाहे वे जयसिंह द्वारा किए गए अश्वमेध यज्ञ (1734) के प्रसंग में आएं हों या अन्य कार्यों के लिए। दक्षिण भारत (आन्ध्र प्रदेश) से आए एक तैलंग भट्ट परिवार के एक विद्वान् (जिनके वंश में मेरे पिता स्व. भट्टमथुरानाथ शास्त्री कवि शिरोमणि भी हुए) देवर्षि श्रीकृष्ण भट्ट कवि– कलानिधि अश्वमेध यज्ञ में भी सहयोगी बने और जयपुर राजवंश के इतिहास को अमर बनाने वाले महाकाव्य **'ईश्वरविलास'** तथा अन्य अनेक कालजयी काव्यों के प्रणेता भी रहे। उन्होंने जयपुर बसने का आँखों देखा वर्णन अपने काव्यों में किया है। तभी से जयपुर संस्कृत विद्वानों, कवियों, नाटककारों आदि की विहारस्थली रही है।

जयपुर को संस्कृत के सर्जनात्मक साहित्य में अनेक युगान्तरकारी नवोन्मेषों के श्रीगणेश का श्रेय भी जाता है। यहाँ के श्रीकृष्णराम भट्ट जैसे कवियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं का रंगारंग मिश्रण कर स्रग्धरा, शार्दूलविक्रीडित आदि छन्दों की रचना की, भट्टमथुरानाथ शास्त्री ने कविता, दोहा, चौपाई आदि छन्दों में काव्यरचना का तथा गजलों की जीती जागती सर्जना का प्रवर्तन कर युगान्तर उपस्थापित किया। यहाँ स्थापित किए गए आकाशवाणी केन्द्र ने रेडियो रूपकों के रूप में प्रसारणार्थ न केवल प्राचीन नाटकों के रेडियो रूपान्तर किए अपितु नये कथ्यों पर अनेक विद्वानों ने प्रसारणार्थ नये रेडियो रूपक लिखे। आज भी जयपुर में संस्कृत शिक्षा, संस्कृत-वैदुष्य, संस्कृत काव्य सर्जना, संस्कृत पत्रकारिता आदि की वह परम्परा अक्षुण्ण है। अब तो उसे प्रश्रय देने हेतु राजस्थान संस्कृत अकादमी, ज.रा. राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय आदि अनेक राजकीय, अर्धराजकीय संस्थान भी कार्यरत हैं जिनमें आधुनिक संस्कृत पीठ जैसी इकाइयाँ भी संस्कृत के सातत्य की देखरेख हेतु स्थापित हैं।

इसी अपरा काशी जयपुर नगरी के सुप्रथित विद्वद्रत्न राष्ट्रपति-सम्मानित पं. मोहनलालपाण्डेय जो राजस्थान शासन के अधीन चल रहे संस्कृत महाविद्यालयों में प्राचार्य आदि पदों पर कार्य कर सेवानिवृत्त हुए हैं, संस्कृत में गद्य और पद्य के उत्कृष्ट सर्जक के रूप में समादृत हैं। इनके लिखे **'पद्मिनी'** नामक उपन्यास को वाचस्पति पुरस्कार और श्रीवाणीअलङ्करण प्राप्त हो चुका है। **'रसकपूरम्'** नामक उपन्यास भी इनकी कृति है जो आचार्य उमेश शास्त्री के हिन्दी उपन्यास का अनुवाद है किन्तु पाण्डेय जी की मौलिक प्रतिभा और प्रौढता उसमें स्पष्ट परिलक्षित होती है। इन्होंने खाडी युद्ध की विषय वस्तु लेकर दूतकाव्य के रूप में एक खण्डकाव्य **'पत्रदूतम्'** भी लिखा है जिसमें आधुनिकतम शस्त्रास्त्रों का भी वर्णन है। ये स्वयं कर्मकाण्ड में भी परिनिष्ठित हैं।

अतः देवस्तुतियाँ, पूजापद्धतियाँ आदि भी इन्होंने प्रणीत कर प्रकाशित करवाई है जिनमें ध्यान, पूजन आदि के स्वप्रणीत पद्य सम्मिलित हैं।

इस प्रकार प्रौढ़ और उत्कृष्ट गद्यलेखन और काव्य रचना के लिए पाण्डेय जी अनेक दशकों से सुप्रथित हैं। यह हर्षप्रद है कि विभिन्न प्रसंगों में विभिन्न विषयों को लेकर समय समय पर लिखी गई इनकी संस्कृत पद्य रचनाओं का यह संग्रह प्रकाशित हो रहा है जिसमें देवस्तुतियाँ भी सम्मिलित हैं, महापुरुषों की प्रशस्तियाँ भी। जयपुर के वरिष्ठ मनीषियों को सम्मानार्घ्य समर्पित करने हेतु इन्होंने समय-समय पर जो प्रशस्ति पद्य लिखे वे इस संग्रह का विशेष आकर्षण हैं। समस्यापूर्ति की परम्परा संस्कृत जगत् में अनेक शताब्दियों से प्रचलित हैं जिसमें कवि एक पद्यांश को अन्त में समाहित कर पद्यरचना करता है। पाण्डेयजी द्वारा की हुई ऐसी अनेक समस्या पूर्तियाँ भी विभिन्न छन्दों में और विभिन्न विषयों पर **'समस्या-सौहित्यम्'** शीर्षक से इसमें संकलित हैं।

जैसा प्रारम्भ में बताया जा चुका है शार्दूलविक्रीडित, स्रग्धरा आदि छन्द अनेक शताब्दियाँ से संस्कृत पद्य रचना के वाहक रहे हैं जो संस्कृत काव्य की विशिष्ट पहचान हैं, उनके गुम्फन में पाण्डेय जी कितने सिद्धहस्त हैं यह इस संकलन को देखकर कोई भी पाठक सहज ही समझ जाएगा। ऐसे छन्दों में इन्होंने विष्णु के चौबीस अवतारों या दत्तात्रेय के चौबीस गुरुओं, शिव की आठ मूर्तियों, नौ दुर्गाओं, नव ग्रहों या रामानन्द के द्वाराचार्यों की जो प्रशस्तियाँ लिखी हैं वह सहस्राब्दियों पुरानी उस स्तोत्र लेखन परम्परा का ओजस्वी प्रतीक है जिसका सन्दर्भ ऊपर दिया गया है। पाण्डेयजी ने इन विषयों पर तो पद्यरचना की ही है, कश्मीर समस्या, करगिल युद्ध, आतंककारियों के विस्फोटों और पिछले दिनों हुए घोटालों आदि समसामयिक विषयों पर भी पद्य लिखे हैं जो इस संग्रह में आपको मिलेंगे।

इस प्रकार विविधवर्णी, विविधविषयक पद्य रचनाओं का यह संकलन पाण्डेयजी की प्रौढ और परिनिष्ठित रचना शैली का प्रमाण तो है ही, सभी तरह के पाठकों के लिए, पद्य रचना के प्रशिक्षुओं और जिज्ञासुओं के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा और विद्वानों के लिए भी,इसमें कोई सन्देह नहीं। इसके अवतरण के उपलक्ष्य में कविवर पाण्डेयजी को मैं शतशः बधाइयाँ समर्पित करता हूँ।

देवर्षि कलानाथ शास्त्री

भूतपूर्व अध्यक्ष,
राजस्थान संस्कृत अकादमी तथा
निदेशक संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग,
राजस्थान सरकार
अध्यक्ष, आधुनिकसंस्कृत पीठ,
ज.रा. राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय,
जयपुर

अध्यक्ष,
मञ्जुनाथ स्मृति संस्थान,
सी/४, पृथ्वीराज रोड़,
जयपुर

अवतरणिका

इस सतरंगी सृष्टि में नाना प्रकार के अद्भुत पदार्थों की सत्ता है जहाँ अन्तरिक्ष से तल, रसातल एवं पाताल तक सूक्ष्म से सूक्ष्मतम और विशाल से विशालतम चराचर तत्त्व अपनी अलौकिकता के लिए ख्यात हैं। इसी प्रकार काव्य-संसार भी अपनी चमत्कारिता लिए हुए समस्त ब्रह्माण्ड में **'शब्दार्थौ'** के रूप में व्याप्त है जिसका एकमात्र प्रजापति कवि ही है जिसके मानस-सागर में पतित काव्यबीज से अलौकिक काव्य-सृष्टि की उद्भावना होती है–

अपारे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः।
यथास्मै रोचते विश्वं तथैव परिवर्तते।।

इस काव्य-सृष्टि में एक ओर जहाँ अन्तरिक्ष जैसी व्यापकता लिए वेद-वाङ्मय है तो दूसरी ओर सागर जैसी गम्भीर गहराई लिए हुए रामायण, महाभारत जैसे महाकाव्य हैं। इसी के साथ मेरु, सुमेरु के समान अपनी गगनचुम्बी उत्तुङ्गता के लिए बृहत्त्रयी परिगणित माघ, किरात, नैषध प्रसिद्ध हैं और लघुत्रयी-समाविष्ट कुमारसम्भव, रघुवंश और मेघदूत हैं तथा अरावली-पर्वतमाला सदृश शृंखला-बद्ध अन्य काव्य हैं जहाँ अङ्गाङ्गित्व व्यपेक्षया काव्यवाक्यों का महावाक्यत्व सिद्ध है ही। ऐसे ही शृंखला-बद्ध अन्य महाकाव्यों एवं लघुकाव्यों की सत्ता भी है चाहे वे किसी भी गद्य-पद्य चम्पू आदि विविध विधाओं में रचित हैं।

काव्यों की ऐसी परम्परा में लघुकाव्य की अपनी अलग ही महत्ता है चाहे वह मुक्तक, युग्मक, सान्दानितक, कलापक या कुलक रूप में निबद्ध हो या फिर शतकादि रूप में अथवा मुक्तक काव्य संग्रहादि

रूप में, सर्वत्र ही रसानुभूतिरूप चमत्कार सहृदयों के हृदय की कोमलता को कमलकलिकावत् प्रस्फुटित कर किञ्जल्क-कणों से स्पृष्ट करता हुआ अलौकिक आनन्दानुभूति करवाता है।

युगानुरूप निर्माण–

प्राचीन काल से लेकर आज तक काव्यों के रूप में पञ्चक, अष्टक, दशक, विंशतिका, नक्षत्रमालिका तथा पञ्चाशिका आदि भेदों की काव्य-परम्परा प्रसिद्ध ही रही है। लघु मुक्तक-काव्यों का संग्रह-रूप नवीन प्रकल्प सम्भवतः इस शताब्दी के प्रारम्भ में सामने आया है।

इसमें रचनाकार समय समय पर विविध पक्षों, विषयों और विधाओं में रचित अपने लघुकाव्य, कविता, कथा, लघुकथा, एकांकी आदि को संग्रह कर प्रस्तुत करते हुए प्रकाश में लाता है। यह सब वर्तमान युग की अपेक्षा-जन्य है जहाँ आज का मानव अल्पसमय में कुछ अधिक पाना चाहता है चाहे वह भौतिक उपलब्धि हो या फिर आत्मिक-सुखोपलब्धि। ऐसे में साहित्यकार समाज एवं समय की माँग को ध्यान में रखकर रचना करता है नहीं तो इस भौतिकवाद की अन्धी दौड़ में साहित्य और साहित्यकार के लिए जगह कहाँ ? अतः आज वही साहित्यकार जीवित है जो नपे-तुले न्यूनतम शब्दों में सूत्रात्मक शैली से अपने भावों की सरसता वर्तमान के कार्य-भाराक्रान्त निष्ठुर सहृदय तक अल्प समय में पहुँचा दे। यही कारण है कि आधुनिक काल में लघुकाव्य, लघुकथा, लघुनाटक अत्यधिक प्रचलन में आये और शनैः शनैः संग्रह का रूप लेते चले गये।

आज यह प्रथा बहुतायत से दृष्टिगोचर हो रही है- ऐसे संग्रहों में एक विधा में रचित कविताओं, कथाओं, रूपकों को पृथक्-पृथक् रूप से संकलित करना काव्यदृष्टि से और सहृदय पाठकों की अभिरुचि से उपयुक्त सिद्ध होता है। इसमें एक लाभ वर्तमान काल में यह हो रहा है कि ऐसे काव्य-संग्रह विधा की दृष्टि से विभिन्न विश्वविद्यालयों,

शिक्षा- बोर्डों द्वारा विविध पाठ्यक्रमों में निर्धारित किये जा रहे हैं जिसमें छात्रों, जिज्ञासुओं को नवीन विषयों के घटनाक्रमों की अद्यतन जानकारी होना है तथा नवप्रतिभाशाली रचनाकारों को नये प्रकल्प सहज सुलभ हो गये हैं। अत एव आज नव युवा रचनाकार साहित्य को अपनी शैली से नवीन दिशा प्रदान कर रहा है।

नवीनकाव्य संग्रह–

'भारवेरर्थगौरवम्' कहें या **'गागर में सागर'** सूक्ति की चरितार्थकता के दोनों ही सन्दर्भ में विविध विधाओं के माध्यम से प्रस्तुत साहित्य काव्य, कथा, लघुकथा तथा एकांकी आदि के संग्रह रूप में सहज प्राप्य हैं। इस प्रकार वर्तमान संस्कृत जगत् के शीर्षस्थ साहित्यकारों के भी अनेक काव्यसंग्रह दृष्टिगोचर हो रहे हैं। प्रसिद्ध काव्य-संग्रह के अन्तर्गत **तदेव गगनं सैव धरा**- डा.श्रीनिवासरथ, **आयतिः**- डा. राधावल्लभ त्रिपाठी, **आहुतिः स्वातन्त्र्ययज्ञे** - डा. रामशंकर अवस्थी, **आर्यासहस्रारामम्** - डा. जगन्नाथ पाठक, **आसीच्च मे मनसि** - डा. हर्षदेव माधव, **ईशा**- डा. केशवचन्द्र दाश, **उल्लासिनी**- डा. रामकृष्ण शर्मा, **कोमलकण्टकावलि**- डा. प्रशस्यमित्र शास्त्री, **अग्निशिखा** - डा. पुष्पा दीक्षित, **गगनवाणी**- डा. रामकरण शर्मा, **संस्कृतकवितावल्लरी** - देवर्षि कलानाथ शास्त्री, **मधुच्छन्दा**- डा. हरिराम आचार्य, **विविधपद्यपुष्पावलिः**- डा. कृष्णचन्द्र चतुर्वेदी, **ज्योतिर्ज्वालनम्, उद्बाहुवामनता एवं जीवातुरसमाध्वीकम्**– प्रवीण पण्ड्या आदि प्रसिद्ध हैं। इसी प्रकार संस्कृत कथासंग्रह के रूप में **कथानकवल्ली** एवं **आख्यानवल्लरी** (पुरस्कृत)- देवर्षि कलानाथ शास्त्री, **अनाघ्रातपुष्पम्** - डा. प्रशस्यमित्र शास्त्री, **अपराजिता** - डा. वीणापाणी पाटनी, **अभिनवसंस्कृतकथा** - डा. नारायण शास्त्री कांकर, **इक्षुगन्धा**- डा. अभिराज राजेन्द्र मिश्र, **कथाकौमुदी एवं श्वेतदूर्वा** - डा. प्रभुनाथ द्विवेदी, **आन्ध्रदेशहास्य-कथासन्निधानम्**– सूर्यनारायण शास्त्री, **उवाच**

कण्डुकल्याणः (व्यंग्यकथासंग्रहः) - प्रमोद कुमार, **ऊर्मिचूडा एवं एकदा** (बालकथासंग्रह) - केशव चन्द्र दास, **एकादशी** - डा. इच्छाराम द्विवेदी 'प्रणव', **कथासप्तकम्**- डा. नलिनी शुक्ला, **विश्वकथाशतकम्**- पद्मशास्त्री आदि ख्यात हैं। रूपक संग्रह की श्रेणी में **अवरोहणम्** - केशव शर्मा, **एकांकचमत्कृतिः** - रामकिशोर मिश्र, **एकांकिसंस्कृत-नवरत्नसुषमा एवं एकांकिसंस्कृतनवरत्नमंजूषा** - डा. नारायण शास्त्री कांकर, **चमत्कारः** - कृष्ण लाल, **चतुष्पथीयम्** (प्रहसनसंग्रहः) - डा. राजेन्द्र मिश्र, **नवनाट्यसंवादसुधा** - लक्ष्मीकान्त शर्मा, **पूर्वशाकुन्तलम्** (सप्तध्वनिरूपकम्) - डा. हरिराम आचार्य, **संस्कृतनाट्यवल्लरी** - देवर्षि कलानाथ शास्त्री, **एकांकिसप्तकम्** - मेवाराम कटारा 'पंक', **नाटककदम्बकम्**– डा. वैकुण्ठनाथशास्त्री आदि उल्लेखनीय हैं। प्रो. ताराशंकर शर्मा 'पाण्डेय' का **'सारस्वतसौरभम्'** पद्य, गद्य एवं नाट्य का समन्वित संग्रह है।

संस्कृतकाव्यकौमुदी–

इसी परम्परा में ऐसा ही एक काव्य-संग्रह है राष्ट्रपतिसम्मानित वाचस्पति-पुरस्कार सभाजित पं. मोहनलाल शर्मा 'पाण्डेय' की रचनाओं का, जिन्हें हाल ही में **'पद्मिनी'** उपन्यास की रचना के आधार पर दिल्ली के रामकृष्ण जयदयाल डालमिया श्रीवाणी न्यास द्वारा वर्ष 2009 के **श्रीवाणी अलंकरण** के लिए चयनित किया गया है। प्रस्तुत काव्य संग्रह, जिसे **'संस्कृत-काव्यकौमुदी'** की अभिख्या दी गई है, में पं. पाण्डेय द्वारा समय समय पर रचित कविताएँ संकलित हैं जो विभिन्न देवों की स्तुतिरूप, राष्ट्रिय सन्दर्भों से ओतप्रोत तथा संस्कृत विद्वानों के सम्मानार्थ अभिनन्दन स्वरूप प्रशस्तियों के आदर्श रूप हैं। इन कविताओं के विषय की दृष्टि से छः विभाग करते हुए देवों के लिए **'प्रणततितयः'**, विभिन्न काव्यपूरक समस्याओं की तृप्ति स्वरूप **'समस्या-सौहित्यम्'**, देश के प्रति समर्पित भावनाओं की श्रद्धा में

'राष्ट्रियम्', संस्कृत विद्वानों एवं जनसेवकों के अभिनन्दन में **'वैदुषी-वैभवम्'** तथा **'लोकनायकाः'** शीर्षक निर्धारित किये गये हैं जहाँ पं. पाण्डेय ने समसामयिक लोकोपकारक प्रस्तुति के साथ अपनी चिर परिचित प्रौढ शैली में काव्य-सर्जन प्रस्तुत किया है।

यह काव्य संग्रह जहाँ एक ओर देवों के विभिन्न स्वरूपभेदों को प्रस्तुत करता है वहीं समस्यापूरक प्राचीन काव्य-कला को नवीन आयाम के साथ प्रकट करता है। कहीं कवि पाण्डेय राष्ट्र में व्याप्त विभीषिकाओं से व्यथित होकर रचना करते हैं तो अन्यत्र संस्कृत विद्वानों के वैदुष्य से प्रभावित हो मनोगत हर्ष को उनके अभिनन्दन-स्वरूप काव्य में अवतरित करते हैं, इस अभिनन्दनावतरण में लोकनायक भी स्वतः ही स्थान पा जाते हैं। इस प्रकार **संस्कृतकाव्यकौमुदी** नामक यह काव्य-संग्रह संस्कृत जगत् में रचना धर्मिता से जुड़े सर्जकों को एक नवीन चेतना की स्फूर्ति देगा इसी आशा के साथ आपके कर कमलों में यह प्रस्तुत है–

प्रो. (डॉ.) ताराशंकर शर्मा 'पाण्डेय'

सम्पादक

॥ श्रीः ॥

का लि दा स सं स्था न म्

वा रा ण सी

२८, महामन:पुरी, वाराणसी -५

दूरभाषः- (०५४२) २५७०६८२

दिनाङ्कः 20|9|15

संस्थापकः
महामहोपाध्यायो
रेवाप्रसाद-द्विवेदी
संस्कृत इमरीटसप्रोफेसर,
काशीहिन्दूविश्वविद्यालयः

राष्ट्रपतिपुरस्कार-
सम्मानम् १९७८त:

साहित्यअकादमी-
पुरस्कारः
१९९१

कल्पवल्लीपुरस्कारः
१९९३

वाचस्पतिपुरस्कारः
१९९७

श्रीवाणीअलंकरणम्
१९९९

विशिष्टपुरस्कारः
उत्तरप्रदेशसंस्कृतसंस्थानम्
लखनऊ २००२

महामहोपाध्यायः
तिरुपतिसंस्कृतविद्यापीठम्
१९९९

अभिनवकालिदासः
पश्चिमोत्तराम्नायशङ्कराचार्याः
श्रीस्वरूपानन्दसरस्वतीपादाः
२१ सितम्बर, २००३

ऑनरेरीफैलो
एशियाटिकसोसायटी
मुम्बई, १९९५

इमरीटसफैलो
यूजीसी, दिल्ली ९१-९३

संपादयिता संपूर्णस्य
कालिदाससाहित्यस्य
नाट्यशास्त्रस्य २३ अध्यायानाञ्च

संप्रवर्तकः
अलंकारात्मवादस्य

प्रत्यादेष्टा ध्वनिवादस्य

कवयिता
महाकाव्यत्रिकादेः
नाट्यानुशासनस्य

'पद्मिनी'-कवीश्वराय प्रतिनवबाणभट्टाय
पं० श्री मोहनलालशर्मणे पाण्डेयाय प्रणामाः।
भवतां मुक्तमौक्तिका गद्यकृतिः पद्मिनी
अनेकवारेनाद्य यत्र तत्रान्वशीलि प्रापि च
प्रसत्त्यतिशीतिः। अस्त्यत्र प्रवाहः प्रसादमयः,
अनुभूयते तामस्य द्वन्द्वसङ्घर्षः (स्त्रीपुंसयो-
र्मनीतिकः) चित्रत्रयोज्ज्वलवपुष्यत्र ज्योति-
श्चित एव पठिकमानत्तम्। एतस्याः कृते निब-
न्धाय प्रकाशनाय च भवतामभिनन्दनशतानि।

प्रवाहस्त्वत्र मया कालीर्थं प्राप्ते
मुद्रणे श्रुतिमन्त्रकधिकृत्य भवतामिति पश्चात्
पुनरपि सम्यगनुशीलिताहे।

भवाद्दृशेभ्यः वैदग्ध्यप्रतिमाभूतेभ्यः
काशीश्वरौ प्रार्थ्येते सौख्याय मङ्गलाय
च सर्वविधाय काश्यपेन द्विवेदिना
प्रणतेनेन रेवाप्रसादेन

सेवायां पं० मोहनलालशर्मपाण्डेयानाम्
२३८१ बजाने वालों का रास्ता
जयपुर

अपनी कृतियों के आलोक में

पं. मोहनलाल शर्मा 'पाण्डेय'

प्रो. (डॉ.) ताराशंकर शर्मा 'पाण्डेय'

दृश्य जगत् के भौतिक पदार्थों की विवेचनात्मक-बुद्धि से सूक्ष्मतम बिन्दु तक पहुँचना जितना सरलतम कार्य है उससे कोटिशः प्रगुणित दुष्कर कर्म है चिन्तन के सूक्ष्मतम बिन्दु - जहां विगलित वेद्यान्तर स्पर्शशून्यता का साम्राज्य हो, से पुनः रसानुभूतिजन्य उद्गारोद्वेलित अर्थ से शब्दमय ब्रह्म का साक्षात्कार किया जाना। ऐसी स्थिति में वह अर्थ शब्द- स्पन्दन के रूप में स्वतः प्रादुर्भूत हो किसी सहृदय कवि के मानस समुद्र को आलोडित कर शाब्दिक स्फोटरूप काव्य शरीर धारण करता है। इस ध्रुव सत्य का प्रतिफलन आदिकवि वाल्मीकि तथा उनके काव्य रामायण के रूप में हुआ। इसी सत्य का अनुभव आचार्य आनन्दवर्धन ने इन शब्दों में स्पष्ट किया है -

काव्यस्यात्मा स एवार्थस्तथा चादिकवेः पुरा।
क्रौञ्चद्वन्द्वियोगोत्थः शोकः श्लोकत्वमागतः॥

ईश्वर द्वारा सृष्ट इस जगद्रूप महद् उपवन में दृष्टिपात के प्रारम्भ से **'पद्मिनी'** उपन्यास की रचना के पूर्व तक रमणीयता के बासठ वासन्तिक पर्व **'पत्रदूत'** खण्डकाव्य के प्रणेता कविहृदय पं. मोहन लाल शर्मा पाण्डेय के इस जीवघट में मधुरता का अमृत घोल चुके थे कि अकस्मात् काल के अकाण्ड ताण्डव जन्य शोक-कोक की कर्कश ध्वनि ने इधर कंकर का सा काम किया और उधर जीवनघट से माधुर्य का निस्यन्द बह निकला।

कहते हैं- आह्लादस्वरूप माधुर्य गुण सम्भोग शृङ्गार से अधिक करुण रस में, उससे अधिक विप्रलम्भ में तथा सबसे अधिक शान्त रस में प्राप्त होता है, यही कारण है कि मार्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्री राम जैसा चरित्र भी सीता

के वियोग में उन्मत्तवत् प्रलाप करता है तो आम आदमी की तो बिसात ही क्या ?

ध्वन्यालोक में उल्लिखित - **'निहतसहचरीविरहकातरक्रौंचा-ऽऽक्रन्दजनितः शोक एव श्लोकतया परिणतः'** यह वाक्य पाठान्तर अथवा औचित्यानौचित्य की दृष्टि से चर्चा का विषय भले ही रहा हो परन्तु पं. पाण्डेय के अर्धांग का लोप होना उनके अनुभूत जीवन की सच्चाई को तात्त्विक दृष्टि से प्रकट करने का आधार अवश्य ही बन गया है। संस्कृत साहित्य में **'पद्मिनी'** की रचना उसी का प्रतिफलन है जिसे संस्कृत काव्यजगत् के समालोचक प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र गद्यकाव्य की आख्यायिका श्रेणी में रखें चाहे उपन्यास विधा की श्रेणी में, इससे इस रचना के महत्त्व पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

निःशब्द, शान्त, गभीर मानस-सागर के अन्तस्तल में सूक्ष्मतम चिन्तन के बुद्बुदरूप में अवस्थित रस सत्त्व, रज, तम, तीनों में से प्रधान भूत एक तत्त्व की भांति अन्य सभी को गौण कर जलतुम्बिका न्याय से शृंगार आदि किसी एक के रूप में प्रकट हो अनुभूति का विषय बनता है तथा अन्यान्य सभी रस कमल को उर्ध्वगति देने में जलसत्तावत् अपनी स्थिति बनाये रखते हैं।

ऐसी ही स्थिति में साहित्यकार का अन्तर्मन रचना के लिए प्रवृत्त होता है और एक नवीन सर्जन प्रकाश में आता है। श्री पाण्डेय की रचनाओं का श्रीगणेश भी इसी रूप में हुआ।

रचनाओं का वस्तुतत्त्व -

किसी भी कवि की रचनाधर्मिता का प्रेरणास्पद बीज देवता, गुरु आदि के कृपा-फल से ही पल्लवित और पुष्पित होता है। पं. पाण्डेय के गुरु जयपुर के प्रसिद्ध तान्त्रिक शिरोमणि एवं आशुकवि श्री हरिशास्त्री की प्रेरणा ने ही आपको काव्य रचना में छात्र जीवन से ही प्रवृत्त किया, परिणामतः अध्ययन काल में पाठ्य-विषय बिन्दुओं पर काव्य रचना प्रारम्भ की। लगभग अध्ययन समाप्ति के बाद आजीविका के लिए पौरोहित्य कर्म में संलग्न पं. पाण्डेय ने विभिन्न देवों की स्तुति के निमित्त अनेक पद्यों की रचना की।

मुक्तक काव्यों की रचना के लम्बे अन्तराल के बाद आपका प्रथम उपन्यास **'रसकपूरम्'** अनूदित रचना के रूप में सामने आया जिसका मूल

हिन्दी उपन्यास आचार्य उमेश शास्त्री की निर्मिति है जो अब तक अंग्रेजी, गुजराती, राजस्थानी आदि आठ भाषाओं में प्रकाशित हो चुका है। उपन्यास की नायिका रसकपूर जो कि एक गणिका रही, ने इतिहास प्रसिद्ध नूरजहाँ के समान जयपुर राज्य के शासक महाराज जगत् सिंह के दिल पर राज करते हुए शासन की बागडोर संभाली और अन्त में षड्यन्त्रों का शिकार हो मृत्युदण्ड प्राप्त किया। पन्द्रह विरामों में विभक्त 217 पृष्ठों का यह 'रसकपूर' उपन्यास अनूदित भले ही हो परन्तु 'शिवराजविजय' की तरह अपनी मौलिकता पृथक् से प्रतिष्ठापित करता है। न जाने कौन से कारण रहें कि पं. पाण्डेय के कविहृदय को ऐतिहासिक घटनाओं ने ही काव्यरचना के लिए प्रेरणा दी। आपकी दूसरी रचना **'पत्रदूत'** शृङ्गार से वीर रस की ओर उन्मुख हो गद्य से पद्य के रूप में प्रकट हुई जिसका कथ्य विश्वप्रसिद्ध ईराक के खाड़ी युद्ध से सम्बद्ध है। इस रचना का सूत्रपात तब हुआ जब 17 जनवरी 1991 को विश्व के मित्र राष्ट्रों की सेनाओं ने ईराक देश पर आक्रमण कर दिया।

आपने कथ्य के तथ्य जुटाने के लिए तत्कालीन प्रमुख समाचार पत्रों से सामग्री संकलित की और कालिदास की दूतकाव्य परम्परा में एक नवीन काव्य 'पत्रदूतम्' ने जन्म लिया। काव्य का नामकरण भले ही प्राचीनता की पृष्ठभूमि से किया गया है परन्तु नवीन कथानक और नये शस्त्रास्त्रों के लिए नवीन शब्दों की निर्मिति ने काव्य साहित्य में युद्ध विद्या के नये आयाम प्रस्तुत करते हुए नव सर्जन को गति दी है। सम्भवतः यही कारण रहा कि राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर द्वारा वर्ष 1993 में इस 'पत्रदूत' काव्य को **'माघ पुरस्कार'** के लिए चयनित किया गया। दूतकाव्यों में प्रायः शृङ्गार रस के दोनों पक्षों को स्थान दिया जाता रहा है परन्तु इसके विपरीत पत्रदूत में वीर-रस को आधार बनाकर नवीन कथ्य प्रस्तुत किया गया है इसमें किसी प्रकार का वाद उपस्थापित करना औचित्यपूर्ण नहीं है। इस सन्दर्भ में आचार्य आनन्दवर्धन ने अपना मत पूर्व में ही स्पष्ट कर दिया है–

प्रतायन्तां वाचो निमितविविधार्थामृतरसा।
न वादः कर्त्तव्यः कविभिरनवद्ये स्वविषये॥

-ध्वन्यालोक 4/121

कुछ वर्षों के अन्तराल पश्चात् कवि हृदय ने एक बार फिर करवट बदली और वह पद्य से गद्य के प्रति आकृष्ट होते हुए 'गद्यं कवीनां निकषं वदन्ति' के सूक्तिशाण पर अपनी परीक्षा देने की ओर उन्मुख हुआ। परिणामतः उपरि उल्लिखित 'पद्मिनी' उपन्यास गद्यकाव्य की रचना हुई यहाँ भी पं. पाण्डेय ने कथावस्तु इतिहास सम्मत ही स्वीकार की है।

16 वीं सदी में मलिक मुहम्मद जायसी ने अपना प्रसिद्ध महाकाव्य 'पद्मावत' जिस पद्मिनी पर लिखा उसके अप्रतिम सौन्दर्य, चरित्र तथा आत्मबलिदान ने भारतीय भाषाओं के रचनाकारों को अपनी लेखनी चलाने को सदा ही प्रेरित किया, भले ही इतिहासकारों में इस कथा पर मतभेद रहे हों।

राजस्थान में एक मुहावरा अत्यधिक प्रचलित है– **'पूगल देश की पद्मणी'**। इसका आधार है कि पश्चिमी राजस्थान में स्थित पूगल प्रदेश नारी सौन्दर्य की दृष्टि से सदा से ही सर्वातिशायी रहा। इस देश की राजकुमारी पद्मिनी से चित्तौड़ नरेश रत्नसिंह रावल का विवाह हुआ। पं. मोहन लाल पाण्डेय द्वारा इसी पद्मिनी को नायिका बनाकर बारह अध्यायों में विभक्त करते हुए उपन्यास लिखा गया। यह **'पद्मिनी'** उपन्यास तेरहवीं सदी के अन्त और चौदहवीं सदी के प्रारम्भ में चित्तौड़ की वीरभूमि के शासक रावल रत्नसिंह की पट्टमहिषी पद्मिनी के अप्रतिम सौन्दर्य, साहस, प्रेरणाप्रद उत्सर्ग और बलिदान की कथा का प्रस्तुतीकरण है। पद्मिनी के सौन्दर्य से आकृष्ट होकर ही अलाउद्दीन खिलजी ने चित्तौड़ पर आक्रमण किया, यह वही शासक है जिसका उल्लेख साहित्यदर्पण में मिलता है-

सन्धौ सर्वस्वहरणं विग्रहे प्राणनिग्रहः।
अल्लावुद्दीननृपतौ न सन्धिर्न च विग्रहः॥

अल्लाउद्दीन के साथ सन्धि करने का मतलब सर्वस्व-हरण करवाना तथा युद्ध करना प्राणों को संकट में डालना था फिर भी गोरा और बादल जैसे परमवीर योद्धाओं के बल पर ही रावल रत्नसिंह ने युद्ध किया और अन्त में वीरगति प्राप्त की ।

पद्मिनी उपन्यास के रचयिता पाण्डेय ने एक वर्ष के निरन्तर

अध्यवसाय से इस रचना में सभी प्रकार के काव्य गुणों, रसों, अंलकारों तथा अन्यान्य शास्त्रों के विभिन्न पक्षों का जो प्रयोग किया है उसी से के. के. बिरला फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा वाचस्पति पुरस्कार के लिए प्रकाशित स्मारिका में पद्मिनी उपन्यास के वैशिष्ट्य को स्वीकार करते हुए इसे इस शताब्दी की एक विशिष्ट रचना माना है।

आपकी चतुर्थ रचना **'नतिततति'** विभिन्न देवों की स्तुतिरूप में विविध छन्दों में रचित है। प्रत्येक पद्य एक वर्ण के प्रयोग से निर्मित है। वर्णमाला की संख्या के अनुसार रचना के कारण इसमें तैंतीस पद्य हैं।

इसके अतिरिक्त आपने गणेश, शिव, कृष्ण, राम एवं हनुमान् की विधि विधान से पूजा के लिए छः पूजा-पद्धतियों की रचना की जिसमें वैदिक मन्त्रों के साथ ही स्वरचित स्तुति-पद्यों का निवेश किया गया है। इन्हें प्रकाशित कर पौरोहित्य कर्म संलग्न विद्वानों एवं श्रद्धालुओं को जनता जनार्दन की सेवार्थ निःशुल्क वितरण किया गया है।

अन्य अप्रकाशित कृतियों में 'अभिनन्दनपत्र-पारिजात', 'समस्यासौहित्यम्', तथा 'लघुकथा-संग्रहः' (जो समय-समय पर आकाशवाणी से प्रसारित हुई) हैं।

भाषा शैली–

भावों की अभिव्यंजना के दृष्टिकोण से प्रत्येक रचनाकार की अपनी एक अलग ही शैली होती है जिसे प्राचीन आचार्यों ने रीति, संघटना आदि नामों से अभिहित किया है। आचार्य वामन ने तो **'रीतिरात्मा काव्यस्य'** कहते हुए उसे आत्मतत्त्व के रूप में ही स्वीकार कर लिया है। यहाँ हम इस आत्म-विषयक विवाद में न पड़ते हुए केवल यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि यदि रचना, पात्र, रस आदि के अनुसार रचनाकार अपनी पद रचना करता है तो वह रचना पाठक पर अपना प्रभाव अधिक छोड़ती है। 'रसकपूर' उपन्यास को लें तो रचनाकार ने नायिका एवं उपन्यास के नाम 'रस-कपूर' को सार्थकता प्रदान करते हुए 'रसक-पूर' माना है तथा इसका मंगलाचरण रसराज शृङ्गार के देवता विष्णु की वन्दना से किया है-

रसाधरं रासरसैकसारं
सरोजनेत्रं रसिकैकगम्यम् ।
कविं रसज्ञोऽनुसरामि शौरिं
पूरं रसानां रसराजराजम्॥

(रसकपूर-प्रथमविरामः)

इस पद्य का दूसरा अर्थ नायिका रसकपूर पर घटित होता है। यहां रसाभिव्यक्ति के लिए अनुप्रास का सार्थक प्रयोग स्पष्ट है। इसी उपन्यास में आत्मकथ्य में जगत् का स्वरूप अनुप्रास से ही प्रकट हुआ है-

'अहन्तु विबोधविलोलालका बालिका वर्ते पुनरियं सवित्रीशिष्टिशिक्षिता जगत्यां जाल्मकजालैर्जागरूकास्ति।'

पद्मिनी के सौन्दर्य में जहां समस्त साधन एकजुट प्रतीत होते हैं वहीं रचनाकार की पदसंरचना भी नायिका के सौन्दर्य की अभिव्यक्ति में रसिकों के हृदय को आवर्जित करती है -

श्रूयतां सावधानमनसा तद्रूपलावण्यम्। शोशुभ्यते तदीयमिन्दिन्दिरवृन्दसदृशं श्यामलं कोमलं केशजालम्, रराज्यते नलिनासनलावण्यलेखनफलकमिव लोकनीयं ललितं ललाटपटलम्, तत्र देदीप्यते कोकिलकोमलकलेवरकृष्णकज्जलान्वितं जगज्जेतृमनसिजस्य जयध्वजायमानजायायुतमीनाभिरामं कमलदलायतं कमनीयं कामुकवृन्दाकर्षकमीक्षणयुगलं चाकाश्यते।

(पद्मिनी चतुर्थविकासः पृ. 75)

यहां अनुप्रास के साथ ही रूपक, उपमा आदि का प्रयोग अत्यन्त मनोरम बन पड़ा है।

पद्मिनी उपन्यास का मंगलाचरण भी नायिका नाम की अन्विति के साथ सानुप्रास श्लेष के रूप में लक्ष्मी देवी की स्तुति के रूप में किया गया है-

परोपकारप्रवणैः सुखापा, पापात्मभिर्या पुरुषैरनापा।
पद्मापरा पावकदीप्तदेहा, सा पद्मिनी पूरयतादभीष्टम्॥

(पद्मिनी-प्रथमविकासः)

ऐसी ही रचना अनुष्ठान में संलग्न आचार्यों के वर्णन में मिलती है –

तत्र मण्डपे भूयांसो विद्वासः स्थूलस्थूलरुद्राक्षवलय-मालालंकृतकण्ठभुजदण्डमणिबन्धाः, परिधृतसिन्दूरारुणकौशेय-परिधानाः, ललितकौंकुमबिन्दु-राजितमध्यभागभसितत्रिपुण्ड्रविलसित-भालप्रभाप्रभासितवसुन्धराः स्नानसन्ध्यारताः शौचाचारपरायणाः, वेदशास्त्रार्थकोविदाः पुराणतत्त्वज्ञा व्याकरणादिषु सर्वेषु विषयेषु लब्धप्रतिष्ठाः तेजोगरिष्ठाः श्रीसप्तशतीपाठसंरताः शतचण्डीप्रयोगसमाराधनविधानवृत्ताः शोभन्ते स्म।

(पद्मिनी-द्वितीयविकासः पृ. 33)

कथा के लिए उपयुक्त पात्रों के संवाद में सरल एवं प्रवाहमयी भाषा का प्रयोग किया जाना रचनाकार की सावधान चित्तता को प्रकट करता है।

पद्मिनी और भ्रमरिका का एक संवाद व्यग्रता प्रकट करता है -

भ्रमरिका - महाराजेन तु स्वयं भणितं यदद्यतनीया त्रियामा पद्मिन्या साकं यापयिष्यामि।

पद्मिनी - पुनः का समस्या समागता? किमर्थन्नायातः? यामंद्वयं व्यतीतम्।

भ्रमरिका - न कापि सूचना, न कोऽपि सन्देशः, न कोऽपि संवादः।

पद्मिनी - किं पुनरपि काप्यघटितघटना घटिता ?

(पद्मिनी-नवमविकासः पृ. 190)

रसकपूर उपन्यास में नायक जगत्सिंह और नायिका रसकपूर का प्रेमालाप सहज और स्वाभाविक समर्पण की भावना का एक आदर्श कहा जा सकता है -

नैव, नैव, किञ्चित्तु कथनीयम्, जिता त्वं पराजितश्चाहम्।
आनन्दावसरेऽस्मिन् किञ्चित्तु दास्यते मयावश्यम्।
स्वयमेव पराजिता सञ्जाताहम्।
कथमेतत् ?
अद्य प्रभृति भवदीयपादपद्मसेविकाऽहं वर्ते।
रसवति ?
आम्, मम प्राणेश्वर !

त्वत्प्राप्त्या सर्वमपि विस्मृतं मया।
मयापि नावशिष्टं किञ्चित् स्मरणीयम्।
का त्वम् ?
महाराजचरणारविन्देरेणुः।
अहञ्च ?
निकृष्टदास्याः शिरोमुकुटम्।
नैव, अनृतमुच्यते त्वया।
नो स्वामिन्!
रसबाले! वर्तसे मे हृदयमौक्तिकमाला।
अन्नदातुरियमवर्णनीयाऽनुकम्पा।

(रसकपूरम् पृ. 92)

पद्मिनी उपन्यास के चतुर्थ विकास में सहज सरल शब्दों में हास्य व्यङ्ग्य कितने सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया गया है -

अत्रान्तरे हा हा रे हा! कुत्र गतो मे कृष्णः कुक्कुटः, कुत्र यामि? क्व गवेषयामि तमिति वदन् मध्येमार्गं जनसम्मर्दकोलाहलमाकर्ण्य कलहस्थानमागतवान् करीमः। दर्शकवृन्दे विद्यमानं भ्रातरं भूरेखानमपृच्छत् - रे रे! किं भवता विलोकितो मे कुक्कुटः? तद्वचनमाकर्ण्य भूरेखानः प्राब्रवीत् -

भूरेखानः - आम्, आम्, विविधेन्द्रजालकौतुकं प्रदर्शयता कापालिकेनानेनैकः कृष्णकलेवरः कुक्कुटः कवलीकृतः। पश्यतु तावदत्र पतितानि तत्पत्राणि, अवश्यमेवासीत्स तवैव कुक्कुटः।

करीमः - रे रे मे भ्रातरः! हन्यताम्, हन्यताम्, सत्वरमेष मेष इव दुष्टः कापालिकः।

(पद्मिनी चतुर्थो विकासः पृ. 63)

पत्रदूत काव्य में वीररस की अभिव्यक्ति के लिए अन्त्यानुप्रास एवं समासबहुलता देखी जा सकती है जो ओजोगुण के अनुरूप ही है -

राष्ट्राध्यक्षस्ततस्त्यो विपुलवसुपतिर्देशविस्तारकामो
लोभेनाकृष्टचेताः प्रमुखरणगतिर्नीतिकार्यातिवामः।

सामर्थ्येनाभ्यमित्र्यो विहितरिपुनतिर्वस्त्रभूषाभिरामः
श्रीसद्दामो 'हुसैनो' विविधविधिमतिर्भासते द्विड्विरामः॥

पत्रदूतम्-30

रसव्यञ्जना -

किसी भी काव्य की प्रतिष्ठा सहृदयों को रसपाक तक ले जाने पर निर्भर करती है, यही कारण है कि आचार्य आनन्दवर्धन ने इसके लिए सावधान रहने को कहा है। समालोच्य रचनाकार पं. पाण्डेय ने इस विषय में अत्यधिक सजगता से विषयवस्तु को गति प्रदान की है। आचार्य विश्वनाथ के अनुसार काव्य में प्रमुखरूप से एक रस ही अंगी माना गया है - **एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा**। इस सिद्धान्त को प्रतिफलित करते हुए पाण्डेय ने **'रसकपूर'** में शृङ्गार रस को तथा **'पद्मिनी'** एवं **'पत्रदूत'** में वीर रस को प्रधानता दी है। पद्मिनी उपन्यास में भी शृङ्गार रस का परिपाक प्रासंगिक रूप से अपने चरम पर है, यथा-

अभ्यन्तरावतरत्कमलकमनीयः कमलाशयसंजातकम्बुकण्ठः सलालसं लोलोच्यते लोकलोचनैः, मारापारपारावारतरणार्थमिव तरुणजनाश्रयीभूतौ प्रियतागुणानुबद्धौ परस्परसंसक्तौ मत्तेभकुम्भाविव चाकाङ्क्ष्येते कमनैः कुचकुम्भौ, कन्दर्पकोदण्डज्यायमानं मृणालसूत्रमृदुलं बेभ्रेज्यते बाहुयुगलम्, मदनसदनगमनार्थं शैवलवल्लरीविरचितेव शृङ्गारिभिः शेश्रियते रोमराजिसरणिः, जगज्जननबीजाधारं विफलीकृत-वामदेवादियोगीश्वरमनोरथं मनीषिणामपि मानसं मामथ्यते मन्मथमन्दिरम्, स्मरनगरतोरणस्तम्भभूतरम्भायमाणं रम्भयाप्याशंशस्यते सौवर्णं सुन्दरमूरुयुगलम्, मदनमार्गणधारणदक्षं तूणीरायमाणं काञ्चनवर्णं वर्तुलाकारं जंघाप्रकाण्डद्वयं स्कन्धोपरि देधीयते धीरैरपि रतिवीरैः, आतपत्रसहस्रपत्ररथकुञ्जरध्वजपताकाप्रभृतिप्रतीकान्वितं चञ्चलावास-कोकनदकमनीयं चरणद्वयं नंनम्यते सुरनरमुनिनिकरैर्नितान्तम्, प्रणतिसमये पादपतितेन मनसिजेनापि चरणाङ्गुलिनखदर्पणेषु दरीदृश्यते स्वकीयं प्रतिबिम्बम्।

(पद्मिनीचतुर्थविकासः पृ. 76)

इसी उपन्यास में ठीक इसके विरोधी वीररस के लिए सेना का घेराव, आक्रमण आदि का वर्णन ओजोगुम्फ शैली में सार्थक पदों के प्रयोग से किया गया है जैसे–

एकतो गजसन्निभकल्पान्तघोरसघनघनघटाभिराच्छादितन्नभः, इतरतश्चाजिराजिराजितराजपुत्राणां यवनानां च पृतनाभिः परितः परीतं पृथिवीमण्डलम्। नानाप्रहरणोद्यता यवनाः क्षत्रियैः सार्धं पर्वताः पर्वतैरिव संजाताः संघट्टिताः। यवनपदातयः स्वहस्तमुक्तैः प्रासैः करालकृपाणप्रहारैश्च सेनाध्यक्षपुरोगमान्नैकान् क्षत्रियपदगान् जघ्नुः, अन्ये च बहवो वीरास्तेषां शस्त्रजालैः प्रमथिताः, करवालप्रहारभिन्नावयवाः, बाणप्रहारभिन्नोरस्काः संजातव्रणैर्बहु रक्तं वेमुः। क्षणं यावत्तैः क्षत्रियाणां बलं मन्त्रशक्तिसंस्तम्भितमिव शवसदृशाकृति निष्प्रयत्नायुधं विहितम्। एतदवलोक्य तुरगारूढो बादलवीरः सादिभिः साकं घोरं यवनबलं विवेश, करद्वयचालितचञ्चच्चन्द्रहासप्रहारैः सम्मुखस्थितन्तद् यवनबलं हत्वा स्वीयपत्तिसैन्यानां कृते मार्गन्निष्कण्टकं चकार।

(पद्मिनी-एकादशविकासः पृ. 220)

पत्रदूत काव्य पर यदि दृष्टिपात करें तो नायक को युद्ध के लिए प्रेरणा देनेवाली माता ने अपने मातृत्व को चार प्रकार से प्रतिपादित किया है यथा–

शौर्यात्ते 'वीरमाता' रिपुदमनवशाद् 'देशमाता' भवेयं
नो स्तन्यं गर्हितं स्यात्समरभुवि सदा पृष्ठभागावलोकात् ।
'स्वर्माता' प्राणदानाद् रणगमनफलं याच ईसामसीहं
गर्वात् स्यां 'राष्ट्रमाता' भुवि तव विजयात्प्राप्तधन्यास्पदं च॥

पत्रदूतम् - 12

ऐसे मातृत्व की परिकल्पना सार्थकता के साथ अन्यत्र देखने को शायद ही मिले जहां वीरमाता, देशमाता, स्वर्माता और राष्ट्रमाता की कल्पना की गई हो। भारत वर्ष में राष्ट्रपिता की परिकल्पना तो गांधी के रूप में मिलती है परन्तु माता के ऐसे विविध रूपों की परिकल्पना प्रथमवार देखी गई है। वीर रस के

साथ करुण न हो यह हो ही नहीं सकता अतः कवि ने युद्ध के बाद की स्थिति का करुण रस के रूप में वर्णन किया है

विक्रान्तास्तत्र केचित् प्रयुयुधुरपरे प्राद्रवन् भीतभीता रक्षार्थं जन्मभूमेः कतिचन मुमुचुर्जीवनन्ते च धन्याः। जाता जाता विताताः प्रियपतिरहिताः शून्यचित्ताश्च कान्ताः पुत्रैर्हीना विनाथा अतिशयमरुदन् मातरो मुक्तकण्ठम्॥

पत्रदूतम् - 32

युद्ध की बिभीषिका का गद्यमय वर्णन पद्मिनी में प्राप्त होता है जहां लेखक ने कुत्ते, गीदड, गिद्धों को लाशों के ढेर में घूमते बताया है जिसमें स्पष्टतः बीभत्स रस की अभिव्यञ्जना होती है -

तत्र कलितकलकले कीलालकल्लोलिनीकूले काक-कङ्कातापिगोमायुप्रभृतयो विदधते प्रीतिभोजम्। एष गृध्रराजो निजखरतरनखरविवरेषु कस्यचित्प्रत्यग्रव्यापादितमनोज्ञ-षोडशवर्षकल्पस्य विलोलालकस्य बालकस्य मृदुमसृणमांसलं प्रस्रवद्रुधिरं शरीरं दृढयत्नस्यामेव गोष्ठ्यां सम्मिलितुं जवनगरुद्भ्यामुड्डीयमानोऽभियाति। अन्यत्रापि जन्याजिरे परःसहस्राः कुक्कुरफेरुवृन्दानि कबन्धेभ्यः समुत्कृत्यामिषशकलानि कवलीकुर्वन्ति। अहह! अन्यत्र संख्याङ्गणे प्रमोदेन नृत्यन्त्यः प्रोच्छलन्त्यः शाकिन्यः, डाकिन्यः, योगिन्यश्च नवीनहतवीरवर-कोष्णशोणितैः स्वस्वकरस्थकपालचषकाणि सानन्दमापूर्य पिपासातुरा यथेच्छं पिबन्ति। अन्यत एतेऽतिभैरवा भैरवाः शोणितासवं पिबन्तः समराङ्गणपतितमुण्डैः कन्दुककेलिं कुर्वन्ति।

(पद्मिनी-एकादशविकासः पृ. 221)

उपर्युक्त उद्धरणों से स्पष्ट है कि पाण्डेय की समस्त रचनाओं में, चाहे वे गद्य की हों या पद्य की, सर्वत्र रसों की अभिव्यक्ति के साथ-साथ श्लेष, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा आदि उभयविध अलंकार स्वाभाविक आनुप्रासिक शैली में अहंपूर्विकया दृष्टिगोचर होते हैं।

रचनाओं में अन्यशास्त्रों का समावेश -

किसी भी रचना में प्रासंगिक रूप से आये विविध प्रकरणों के वर्णन

के लिए रचनाकार की वैसी ही शास्त्रज्ञता होना आवश्यक है अन्यथा हास्यास्पद स्थिति उत्पन्न होना स्वाभाविक ही है। पाण्डेय ने अपनी रचनाओं में यथावसर तत्तत् प्रसंगों में उन शास्त्रों के सिद्धान्तों का निर्वहण बड़ी कुशलता से किया है। पाण्डेय ने अब तक लगभग पैंतीस बड़े प्राण-प्रतिष्ठा, यागादिक अनुष्ठान सम्पन्न करवाये हैं जिसके लिए वेद मन्त्रों की शिक्षा गुरु श्री ग्यारसीलाल जी वेदाचार्य एवं पौरोहित्य कर्म का प्रायोगिक ज्ञान गुरु श्री रामकृष्ण जी चतुर्वेदी से प्राप्त किया। अन्य शास्त्रों का अध्ययन भी तत्तत् शास्त्र-निष्णात गुरुओं के सान्निध्य में हुआ। इसी कारण से रचनाओं में यत्र तत्र विविध प्रसंगों का वर्णन शास्त्रानुकूल हुआ है। 'पद्मिनी' उपन्यास में तान्त्रिक राघवचेतन के मुख से तन्त्रशास्त्रसम्मत अनेक कथ्य प्रस्तुत करवाये गये हैं जहाँ एक स्थान पर पञ्च मकार को मुक्तिदायक बताया गया है तो दूसरी जगह मद्य, सुरा, मद्यपायी आदि की सलक्षण प्रस्तुति की है। इसके लिए पूरे चार पृष्ठों की सामग्री विभिन्न तन्त्रग्रन्थों से प्रस्तुत की गई है -

ब्रह्मस्थानसरोजपात्रलसिता, ब्रह्माण्डतृप्तिप्रदा।
या शुभ्रांशुकला सुधाविगलिता सा पानयोग्या सुरा॥

(पद्मिनी चतुर्थ विकास पृ. 59)

अन्यत्र पशुबलि का प्रयोग-विधान भी स्पष्ट किया है -

'' ॐ ह्रां ह्रां खड्ग आं हुं फट्'' इति खड्गं सम्पूज्य -

''ॐ कालि कालि यज्ञेश्वरि लौहदण्डायै नमः'' इति देव्यै निवेद्य, ततो माषपिष्टमयं शत्रुं कृत्वा खड्गेन च्छेदयित्वा स्कन्दाय विशिखाय च दत्त्वा बलिशेषं रक्षोभ्यो हरति स्म ''ॐ ह्रीं स्फुर स्फुर, कुम्भ कुम्भ, सूनु सूनु, गुलु गुलु, धुनु धुनु, मारय मारय, विद्रावय विद्रावय, विदारय विदारय, कम्पय कम्पय, कम्पातय कम्पातय, पूरय पूरय ''ॐ ह्रीं ॐ फट् हुं मर्दय हुम्।''

(पद्मिनी द्वितीय विकास - पृ. 35)

इसी तरह कामशास्त्रानुसार पद्मिनी, चित्रिणी, शंखिनी तथा हस्तिनी चार प्रकार की नायिकाओं का वर्णन भी किया गया है।

राजन् ! साहित्यशास्त्रे नैके नायिकाभेदा निरूपिताः, परं

कामशास्त्रदृष्ट्या विश्रुता लोके विलोक्यते नायिकाचतुष्टयी। रतिमञ्जर्यादिग्रन्थानुसारं विवेच्यते क्रमशस्तत्स्वरूपम् -

(पद्मिनी द्वितीय विकास - पृ. 30)

यहाँ विभिन्न प्रकार की रतिक्रीड़ाओं का वर्णन यथास्थान औचित्यानुसार किया गया है।

पाण्डेय की रचनाओं में प्रौढि की पराकाष्ठा **'नतितति'** खण्डकाव्य के रूप में प्रकट हुई है जहाँ एक एक पद्य एक वर्णविशेष को आधार बनाकर निर्मित किया गया है जिसका प्रथम पद्य क-वर्णाश्रित है-

कालिन्दीकूलकेलिः कुरुकुलकदनः कानने काम्यकुञ्जे
केकाभिः कीर्त्यमानः कलितकरुणया कुञ्जरं कान्तकायम्।
कुर्वन् क्रीडन् कदम्बे कनककटककृत्किङ्किणीक्काणकान्तः
कृष्णः कल्याणकारी कलयतु कुशलं केशवः कंसकालः॥

शास्त्रकारों ने ऐसे क्लिष्ट पद्यों को शब्दचित्र काव्य के रूप में स्वीकार किया है परन्तु जहाँ भावध्वनि की सत्ता हो वहाँ श्रद्धा से उत्तमकाव्य ही स्वीकार किया गया है। सम्पूर्ण 'नतितति' काव्य की निर्मिति के मूल में देव-स्तुति ही परम प्रयोजन माना गया है। इस दृष्टि से कवि का अपना रचना सामर्थ्य प्रस्तुतीकरण गौणता को प्राप्त हो जाता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि पाण्डेय की रचनाओं में विविध प्रकार की विभिन्न अवस्थाओं में शास्त्रसम्मत वर्णन मिलते हैं जो उनके अन्यान्य शास्त्रों के वैदुष्य को प्रकट करते हैं।

रचनाओं का वैशिष्ट्य–

पाण्डेय की रचनाओं के उपर्युक्त समीक्षण से स्पष्ट है कि उनकी रचनाएँ गुण, अलंकार, रीति तथा वर्णन की दृष्टि अपना एक अलग स्थान रखती हैं। रसकपूर उपन्यास में जहाँ एक ओर उर्दू फारसी के नज़ाकत, झाडफानूस, पीकदान आदि शब्दों के लिए व्याकरण सम्मत सर्जना से नवीन शब्दों की परिकल्पना की गई है वहीं पद्मिनी में प्रौढि की प्रतीति है। पद्मिनी उपन्यास के मंगलाचरण में संकेतित तथा उसमें होने वाली हृदयावर्जक रसाभिव्यञ्जना के सन्दर्भ में पण्डितराज जगन्नाथ की यह उक्ति अत्यधिक सार्थक प्रतीत होती है -

रम्यहासा रसोल्लासा रसिकालिनिषेविता।
सर्वाङ्गशोभासम्भारा पद्मिनी कस्य न प्रिया॥

(रसगंगाधर द्वितीयानन-उभयशक्त्युत्थव्यङ्ग्योदाहृति)

पद्मिनी उपन्यास अपने वैशिष्ट्य से ही राष्ट्रिय स्तर पर विभिन्न संस्थाओं से तीन बार पुरस्कृत हुआ है जिनमें अखिलभारतीय पुरस्कार, वाचस्पति पुरस्कार तथा श्रीवाणी अलंकरण (जो इसी वर्ष घोषित हुआ) है।

'पद्मिनी' उपन्यास की भाषाशैली और वैदुष्य से प्रभावित होकर ही देश के लब्धप्रतिष्ठ वाराणसीवास्तव्य आचार्य रेवाप्रसाद जी द्विवेदी ने अपने पत्र में पं. पाण्डेय को **'प्रतिनवबाणभट्ट'** के रूप में सम्बोधित किया है।

'पत्रदूतम्' को राजस्थान संस्कृत अकादमी जयपुर से वर्ष 1993 का सर्वोच्च पुरस्कार **'माघ पुरस्कार'** मिला है। पुरस्कारों के सन्दर्भ में वरिष्ठ पत्रकार और फिल्मकार प्रीतीश नन्दी के इन शब्दों को यहाँ उद्धृत करना चाहता हूँ - **पुरस्कार न केवल सफलता पर ठप्पा लगाते हैं, बल्कि कई अन्य विशेषताओं जैसे दक्षता, संघर्ष, प्रयास और श्रेष्ठता को भी मान्यता प्रदान करते हैं।** (दैनिक भास्कर, दि. 04 फरवरी 2010)

कवि-संस्तव -

राष्ट्रपति-सम्मान प्राप्त पं. श्री पाण्डेय का जन्म 23 सितम्बर, 1934 को जयपुर में हुआ। आपके प्रपितामह पं. गंगाबक्ष शर्मा जयपुर के सुप्रसिद्ध गालवाश्रम (गलता तीर्थ) पीठ के महन्तों के पूज्य पण्डित (जोशी) के रूप में सम्मानित थे। पितामह पं. शिवदत्त शर्मा एवं पिता पं. दुर्गाप्रसाद (दुर्गालाल) शर्मा भी उसी परम्परा में सम्मान प्राप्त करते रहे। गालवाश्रम महन्तों के सभी पौरोहित्य कर्मों में आपकी प्रधानता रहती थी। आपकी माता सूरज देवी अत्यन्त धार्मिक एवं आस्तिक विचारों से ओतप्रोत रहीं। फलतः धार्मिक वातावरण से पं. श्री पाण्डेय की संस्कृत के प्रति विशेष रुचि रही।

आपने अपना परिचय नतिति काव्य में कवि-संस्तव के रूप में इस प्रकार दिया है -

श्रीगङ्गाबक्षशर्मा जनकगुरुगुरुः कर्मकाण्डप्रवीणः,
जोशी श्योदत्तशर्मा पितृवरजनको गालवर्षेः सुधाम्नः।

पूज्यो दुर्गाप्रसादः पितृवरचरणः सूरजाख्या च माता,
राजन्तां पूर्वजा मे हरिपदरसिकाः कीर्तिशेषाः प्रपूज्याः ॥2॥
राजस्थाने सुराज्ये जयपुरनगरे चन्द्रपोलाख्यहट्टे,
कोषाध्यक्षस्य मार्गे विहितवसतिना गौडविप्रान्वयेन।
रम्यं श्रीमोहनेन प्रणतिविषयकं निर्मितं चित्रकाव्यं,
श्रीवाग्देवीप्रसादाद् गुरुपदकृपया जायतां प्राज्ञतुष्ट्यै ॥5॥

आपकी अध्ययन-अभिरुचि, परिश्रम व श्रेष्ठ प्रतिभा से गुरुजन भी अत्यन्त प्रसन्न रहते थे। अध्ययन काल में ही आपने कविता रचना प्रारम्भ कर दिया। आपकी कविताओं को देखकर आशुकवि श्री हरिशास्त्री ने कहा था कि– 'तुम अच्छे कवि बनोगे'।

पौरोहित्य कार्य के सन्दर्भ में एकदा अपने गुरु पं. रामकृष्ण जी चतुर्वेदी के साथ श्री पाण्डेय ने स्वनिर्मित पौराणिक श्लोकों से देवार्चन करवाते हुए राजस्थान के तत्कालीन राज्यपाल डॉ. सम्पूर्णानन्द को भाव विभोर कर दिया। इस प्रकार आप शनैः शनैः बड़े बड़े यज्ञों का आचार्यत्व करने लगे। आपने भारत पाक सीमा के पास जिला गंगानगर में 'बकायन वाला' में सन् 1956 में एक बृहद् यज्ञ करवाया। निरन्तर तीन वर्ष से वर्षा के अभाव में अकाल की मार झेलते हुए ग्रामवासी आप द्वारा सम्पादित यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ ही प्रचुर मात्रा में वृष्टि होने से अत्यन्त आल्हादित हुए।

पश्चाद्वर्ती समय में आपने आचार्य के रूप में रामपुरा डाबड़ी, धानोता, बिहारीपुरा, कालाडेरा आदि स्थानों पर भी बड़े-बड़े यज्ञ (जिनमें अष्टोत्तरशत कुण्डीय भी हैं) सम्पन्न करवाये। अध्यापन करवाते हुए ही आपने महाराज संस्कृत कॉलेज, जयपुर से सन् 1964 में साहित्य विषय से आचार्य परीक्षा उत्तीर्ण की। आपने पं. सूर्यनारायण शास्त्री एवं पं. रामेश्वर प्रसाद दाधीच एवं प्रोफेसर श्री दुर्गादत्त मैथिल से व्याकरण शास्त्र का अध्ययन किया। राष्ट्रपति सम्मानित पं. श्री जगदीश शर्मा 'साहित्याचार्य' तथा राष्ट्रपति सम्मानित पं. श्री गंगाधर द्विवेदी से साहित्य विषय तथा पद्मश्री पं. श्री पट्टाभिराम शास्त्री एवं पं. श्री नन्दकिशोर दाधिमथ से मीमांसा तथा न्यायशास्त्र का अध्ययन किया।

सन् 1964 में आचार्य परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् आपने राजकीय सेवा में व्याख्याता 'साहित्य' के पद पर नियुक्ति प्राप्त की तथा क्रमशः पदोन्नति प्राप्त कर संस्कृत शिक्षा विभाग के राजकीय संस्कृत कॉलेज, अजमेर में प्राचार्य पद पर सेवा पूर्ण करते हुए 30 सितम्बर, सन् 1992 को राज्य-सेवा से निवृत्त हुए।

डॉ. ताराशंकर शर्मा 'पाण्डेय'

प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, साहित्य विभाग
ज. रा. राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय,
मदाऊ, भांकरोटा, जयपुर-26
अध्यक्ष,
संस्कृत भाषा परिषद्, जयपुर

2381, 'पाण्डेयभवन'
खजाने वालों का रास्ता,
जयपुर-1 (राज.)

पं. मोहनलाल शर्मा 'पाण्डेय'

राष्ट्रपतिसम्मानित, वाचस्पतिपुरस्कारसभाजित

जीवन-वृत्त

नाम	– पं. मोहनलाल शर्मा 'पाण्डेय'
पितृमातृनाम	– स्व. श्री दुर्गालाल शर्मा पाण्डेय, माता- स्व. श्रीमती सूरज देवी
जन्मतिथि	– 23 सितम्बर, 1934 ई.
जन्मस्थान	जयपुर (राजस्थान)
निवास-सङ्केत	– 2381, 'पाण्डेय भवन', खजाने वालों का रास्ता, जयपुर (राज.) दूरभाष– 0141-2321151, मो. 09829271351
योग्यता	– साहित्याचार्य 1964, शिक्षास्थान– महाराज संस्कृत कॉलेज, जयपुर (राज.)
मानद उपाधि	– शास्त्रमहोदधि, विद्यासागर, याज्ञिक-सम्राट्
प्राचार्यचर	– राजकीय संस्कृत महाविद्यालय अजमेर (राजस्थान)
अध्यक्ष	– अखिल भारतीय वेद वेदाङ्गज्योतिष स्वाध्याय संस्थान, जयपुर
अध्यक्ष	– श्री वैदिक संस्कृति प्रचारक संघ, जयपुर
उपाध्यक्षचर	– राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर
प्रमुख गुरुजन	– पद्मश्री पं. पट्टाभिराम शास्त्री (राष्ट्रपति पुरस्कृत) – श्री जगदीशशर्मा साहित्याचार्य (राष्ट्रपति पुरस्कृत) – श्री गङ्गाधर द्विवेदी (राष्ट्रपति पुरस्कृत) – श्री वृद्धिचन्द शास्त्री, धर्मशास्त्र विशेषज्ञ
विशेष अध्ययन	– राजब्रह्मा पं. श्रीरामकृष्ण चतुर्वेदी तथा पं. श्री ग्यारसीलाल वेदाचार्य से वेदाध्ययन कर कर्मकाण्ड में प्रवीणता प्राप्त की।

शैक्षणिक सेवा

(क) अराजकीय – **वरिष्ठाध्यापक** : गौड विप्र हायर सैकण्डरी विद्यालय, जयपुर (राज.) (22.7.1957 से 04.10.1967 तक)

(ख) राजकीय – **कनिष्ठ व्याख्याता** : राजकीय संस्कृत कॉलेज, कोटकासिम, अलवर (सन् 1967 से 1971 तक)

– **व्याख्याता** : राजकीय संस्कृत कॉलेज, जोधपुर एवं कालाडेरा, जयपुर (सन् 1972 से 1981 तक)

– **प्राचार्य** : राजकीय संस्कृत कॉलेज, अजमेर (सन् 1982 से 1992 तक)

सेवानिवृत्ति – इस प्रकार अराजकीय एवं राजकीय महाविद्यालयों में 35 वर्ष तक संस्कृत शिक्षा जगत् की सेवा करते हुए 30 सितम्बर, 1992 को 58 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु प्राप्त कर राज्यसेवा से सेवानिवृत्त।

कृतित्व

(क) लेखन –

❊ **रसकपूरम्** – अनूदित ऐतिहासिक संस्कृत गद्यकाव्य/उपन्यास। जयपुर रियासत से सम्बद्ध। प्रकाशित 1993, अब तक अंग्रेजी, गुजराती, राजस्थानी आदि आठ भाषाओं में अनूदित।

कथावस्तु– रसकपूर के नाम से विख्यात नृत्यांगना जिसने जयपुर के राजा जगत्सिंह की प्रेयसी बनकर महिषियों में प्रमुख स्थान प्राप्त किया तथा इतिहास प्रसिद्ध नूरजहाँ के समान शासन की बागडोर संभाली। अन्त में षड्यन्त्र का शिकार हो जाने से उसे आजीवन कारावास की सजा दी गई।

विशेष– भावानुवाद, नूतन शब्दों का सर्जन, उर्दू की कोमलता को संस्कृतनिष्ठ शब्द देना, वर्णन में दण्डी शैली के प्रभाव का कहीं-कहीं दर्शन, श्रेष्ठ अनुवाद की श्रेणी, णिजन्त धातुओं का ललित प्रयोग, संवादों के प्रयोग में पात्रों की भावानुकूलता, भाषा के लिए समुचित शब्दों का प्रयोग।

पारीक कॉलेज, जयपुर में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष एवं हिन्दी के इस उपन्यास के लेखक **आचार्य उमेश शास्त्री** ने भूमिका भाग में अपने विचार प्रकट किये हैं– **'रसकपूर के अनुवाद में मौलिकता**

है। ऐसा अनुवाद देखने में नहीं आया है। संस्कृत साहित्य के गद्य क्षेत्र की अनूदित कृतियों में सहज रूप से शीर्ष स्थान को प्राप्त करना ही इस शैली की विशेषता और अनुवादक की मौलिकता कही जाएगी।

* **पद्मिनी (पुरस्कृत)**– अम्बिकादत्त व्यास शैली में रचित ऐतिहासिक संस्कृत गद्यकाव्य/उपन्यास। प्रकाशित 1999

